शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / **837** /अका./नवीन विषय/2023 जगदलपुर, दिनांक 20/09/2023

//अधिसूचना//

आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रमांक/285/14/ आउशि/योजना/2023 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 05.09.2023 तथा छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 3–54/2023/38–1 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 18.08.2023 के अनुसार शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर में एल–एल.एम. (द्विवर्षीय विधि स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम) सीट संख्या–20 प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है।

प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के पत्र क्रमांक/545/2023 जगदलपुर, दिनांक 15.09.2023 के अनुसार उक्त पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2023–24 से प्रारंभ करने हेतु संबद्धता की कार्यवाही करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त पाठ्यक्रम की संबद्धता की कार्यवाही पूर्ण किये जाने एवं सत्र 2023–24 से संबद्धता प्रदान किये जाने की प्रत्याशा में एल–एल.एम. पाठ्यक्रम में निर्धारित सीट संख्या–20 अनुसार प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 20.09.2023 से प्रारंभ कर दिनांक 27.09.2023 तक प्रवेश पूर्ण करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

विश्वविद्यालय के पोर्टल में एल–एल.एम. पाठ्यक्रम के भाग–एक प्रथम सेमेस्टर के सिलेबस में निर्धारित प्रश्न पत्र अनुसार छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त अनुमति अनुसार सीट संख्या अनुसार प्रविष्टि कर तत्काल अवगत कराते हुए प्रवेश की कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। (माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / **838** /अका./नवीन विषय/2023 जगदलपुर, दिनांक 20/09/2023

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
03. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।
04. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर।
05. प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर।
06. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/प्रशासन/अकादमिक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।
07. वित्त अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।

– की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)